**बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन, लि0,**
"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर0ब्लॉक, रोड नं0 2, पटना 800001

महाप्रबंधक

# कार्यालय आदेश

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के संकल्प सं0–28, दिनांक–18.10.2017 द्वारा बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के प्रशासनिक संरचना का पुनर्गठन के उपरान्त जिला स्तर एवं मुख्यालय स्तर पर परिसम्पत्तियों के रख–रखाव एवं उस पर मामले के निष्पादन में आपसी समन्वय स्थापित करने हेतु निम्नलिखित रूप से कार्य का विभाजन किया जाता है:–

| क्र0 | प्रक्षेत्र / प्रभाग का नाम | आवंटित कार्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | जन वितरण प्रक्षेत्र (भंडारण प्रभाग) | (क) सभी गोदामों का प्रभार एवं नियमित रख–रखाव सहित।<br>(ख) गोदामं में खाद्यान्न के भंडारण का पर्यवेक्षण, माप तौल(वेयिंग) मशीन,गोदामों में निर्धारित एवं संधारित किये जाने वाले पंजियों का संधारण एवं रख–रखाव, जिला कार्यालयों के भवनों का किराया एवं उसका रख–रखाव तथा गोदामों का पहुँच पथ का निर्माण का समन्वय इत्यादि।<br>(ग) भंडारण क्षमता के कमी के आलोक में किराये का गोदाम, किराया का निर्धारण एवं विनियमन तथा आवंटन।<br>(घ) सभी गोदामों में बिजली व्यवस्था एवं उसके विपत्रों का संधारण, भूमि सहित गोदामों का उपस्कर, ऐसेट्स (Assets) का संधारण।<br>(ङ.) पूर्व में निर्धारित अवशेष सभी कार्य जों अन्य प्रभाग को आवंटित नहीं किया गया हो।<br>(च) खाद्यान्न का मासिक प्रतिवेदन प्राप्त करना। |
| 2 | अधिप्राप्ति प्रक्षेत्र (आधुनिकीकरण प्रभाग) | (क) गोदामों एवं जिला कार्यालयों में कम्प्यूटर का अधिष्ठापन एवं रख–रखाव।<br>(ख) गोदामों में सी0सी0टी0वी0 एवं अत्याधुनिक उपकरणों का अधिष्ठापन एवं उसका रख–रखाव।<br>(ग) विडियो कॉन्फ्रेसिंग की सुविधा<br>(घ) आपूर्त्ति श्रृंखला प्रबंधन GPS ट्रैकिंग एवं सॉफ्टवेयर विकास से संबंधित मामले, जन वितरण प्रणाली को आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली से संबद्ध करने एवं MIS के संबंध में आई0टी0मैनेजर की जवाबदेही होगी। |
| 3. | तकनीकी प्रभाग | निगम के सभी असैनिक निर्माण एवं उसके रख–रखाव, गोदामों तक पक्की पहुँच पथ का निर्माण एवं इस हेतु भवन निर्माण विभाग तथा जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करना। |

पूर्व में निर्गत ज्ञापांक–3:02:88:01:16–11591 दिनांक–16.11.2017 के प्रावधान यथावत रहेगें । साथ ही पूर्व से आवंटित कार्य, जो अन्य प्रभाग को आवंटित नहीं है, यथावत रहेगा। उपरोक्त निदेशों को कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

**प्रबंध निदेशक के आदेश से।**

ह0/–

उप महाप्रबंधक,प्रशासन

ज्ञापांक–3:02:88:01:16–.10605 पटना, दिनांक– 11/10/18

प्रतिलिपि–मुख्य महाप्रबंधक,अधिप्राप्ति / जनवितरण / सभी महाप्रबन्धक / सभी उप महाप्रबन्धक / सतर्कता पदाधिकारी / प्रबन्ध निदेशक कोषांग, मुख्यालय एवं सभी जिला प्रबन्धक, राज्य खाद्य निगम,बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

11/10/18

उप महाप्रबंधक,प्रशासन

Oct-18